



# सांसद साहू की मेहनत लाई रंग, जिले को मिली फोरलेन सड़क की सौगात

## केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने 2500 करोड़ की लागत से बनने वाले फोरलेन सड़क की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

सांसद बंटी विवेक साहू ने अपने मात्र एक वर्ष के कार्यकाल में ही छिन्दवाड़ा के विकास को लेकर एक बड़ी और ऐतिहासिक सफलता हासिल कर ली है। उन्होंने छिन्दवाड़ा और पाण्ढुर्णा के वासियों को सिवनी से छिन्दवाड़ा और छिन्दवाड़ा से सावनेर तक फोरलेन सड़क की एक बड़ी सौगात दिलाई है। जबलपुर में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने 2500 करोड़ की लागत से बनने वाले सिवनी से छिन्दवाड़ा और छिन्दवाड़ा से सावनेर तक 150 किलोमीटर फोरलेन सड़क की घोषणा कर दी है। उन्होंने इस दौरान कहा की इस फोरलेन सड़क का निर्माण अगले 6 माह में प्रारम्भ हो जायेगा। उक्त फोरलेन सड़क की घोषणा होने के बाद सांसद कार्यालय में भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने आतिषबाजी करते हुये जष्न मनाया। विधित हो की सांसद श्री साहू ने कुछ दिन पूर्व ही मानसून सत्र के दौरान दिल्ली प्रवास में रहते हुये केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से मुलाकात करते हुये सिवनी से छिन्दवाड़ा और छिन्दवाड़ा से सावनेर तक फोरलेन सड़क निर्माण की संभावनाओं को बताते हुये उक्त टूलेन सड़क को फोरलेन में तब्दील करने की मांग की थी। जिसे केन्द्रीय मंत्री श्री गड़करी ने गंभीरता से लेते हुये सांसद श्री साहू से विचार विमर्ष भी किया था। केन्द्रीय मंत्री श्री गड़करी ने सांसद श्री साहू की मांग को गंभीरता से लिया और चंद दिनों के अंदर ही उक्त फोरलेन की घोषणा भी कर दी।

### छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा के विकास को मिलेगी गति

सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से सिवनी से छिन्दवाड़ा और छिन्दवाड़ा से सावनेर तक फोरलेन सड़क का निर्माण हो जाने से जहॉं जिले के निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी वहीं छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा के विकास को गति भी मिलेगीं। अभी छिन्दवाड़ा से नागपूर तक जाने में लगभग 4 घण्टे का समय लगता है जो कि घटकर 2 घण्टे का रह जायेगा। जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने इसका उल्लेख करते हुये कहा की जहॉं छिन्दवाड़ा से नागपूर का सफर 2 घण्टे में तय हो सकेगा वहीं दुर्घटनाएं भी कम होगी। उक्त फोरलेन बन जाने से छिन्दवाड़ा और सौंसर में नयें उद्योग खुलने की संभावनाएं भी बढ़ जायेगी। जिससे दोनों जिलो में रोजगार के अवसर भी बढेगें।

### सांसद ने एक साल के कार्यकाल में ही दिलाई करोड़ों की सौगात

उल्लेखनिय है कि छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा जिले के विकास को लेकर लगातार प्रयासरत और कृतसंकल्पित सांसद बंटी विवेक साहू अपने एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान ही दोनों जिलो में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी, उद्योग सहित अन्य क्षेत्रों में केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से करोड़ो के विकास कार्यों की सौगात दोनों जिलो के निवासियों को दिला चूके है। वे दोनों जिलो के विकास के संकल्प को लेकर निरंतर प्रयत्नशील है।

### सांसद लगातार कर रहे केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात

मंत्रालय के प्रमुख विभाग कंज्यूमर अफेयर फूड एण्ड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन और कोयला मंत्रालय संसदीय सलाहकार समिति के सदस्य एवं सांसद बंटी विवेक साहू दिल्ली एवं भोपाल प्रवास के दौरान मंत्रियों और उच्च अधिकारियों से मुलाकात करते हुये छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा जिले के विकास को लेकर चर्चा कर रहे है। जिसके सार्थक परिणाम आना भी शुरू हो गये है। इसी का परिणाम है कि सिवनी से छिन्दवाड़ा और छिन्दवाड़ा से सावनेर तक फोरलेन सड़क की एक बड़ी सौगात दोनों जिलो के निवासियों को मिली है।

### सांसद ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी का माना आभार और पदाधिकारियों को खिलाई मिठाई

सिवनी से छिन्दवाड़ा और छिन्दवाड़ा से सावनेर तक फोरलेन सड़क की एक बड़ी सौगात मिलने पर सांसद बंटी विवेक साहू ने सांसद कार्यालय में मीडिया से चर्चा करते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी का आभार व्यक्त करते हुये इसे छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा जिले के लिए एक बड़ी सौगात बताया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में मौजूद भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को मिठाई भी खिलाई। इस अवसर पर महापौर विक्रम अहके, मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर, सौरभ ठाकुर, अंकुर शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता रोहित पोफली, अरविंद राजपूत, रिजवान कुरैशी, बिट्टू मंडराह, रवि मालवी, विकास वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित थे।

# प्राथमिक स्कूल पटेलढाना डोब में मध्यान्ह भोजन में भारी भ्रष्टाचार

## बच्चों के अधिकारों से खिलवाड़, शिक्षकों द्वारा मासूम बच्चों से स्कूल में भरवाते है पानी, धुलवाते है बर्तन




हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र के तामिया विकासखंड की ग्राम पंचायत डोब के प्राथमिक स्कूल पटेलढाना में मध्यान्ह भोजन योजना में गंभीर अनियमितता सामने आई है। नियमों को ताक पर रखकर, बच्चों को मेन्यू के अनुसार भोजन देने के बजाय मनमर्जी से वितरित किया जा रहा है, जिससे आदिवासी अंचल के मासूमों के साथ क्रूरतापूर्वक भेदभाव हो रहा है। आपको बता दे कि तामिया विकासखंड की डोब प्राथमिक स्कूल पटेलढाना में गुरुवार को मीनू के हिसाब से बच्चों को वेजिटेबल सब्जी वाला पुलाव ओर कड़ी पकोड़ा खाने में देना था लेकिन यहां सिर्फ बच्चो को चावल का पुलाव बस दिया जा रहा हे बच्चों ने बताया कि हमे हमेशा ऐसा ही खाना देते है, वहीं स्कूल में रोज हमें पानी भरना पड़ता है और बर्तन भी हमें ही धोने पड़ते हे,जब इस बारे में दोनों शिक्षकों से पूछा गया तो वह टालमटोली करते नजर आए, वही स्थानीय लोगों ने कहा कि जिम्मेदार शिक्षकों और समूह के अध्यक्ष की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यह लापरवाही सीधे तौर पर बच्चों के अधिकार हड़पने के समान है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस निकम्मेपन से बच्चों के स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है। यह स्थिति मध्यप्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की सफलता पर सवाल खड़ा करती है। योजना के क्रियान्वयन में उजागर हुई यह शर्मनाक लापरवाही प्रशासनिक उदासीनता का प्रमाण है। अब देखना यह है कि क्या प्रशासन इस गंभीर मामले में कोई ठोस कार्रवाई करता है या नहीं।

# पोला पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति का अनुपम उदाहरणः सांसद

## सार्वजनिक पोला उत्सव के कार्यक्रम में शामिल हुये सांसद बंटी साहू




हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

स्थानीय पोला ग्राउण्ड में सार्वजनिक पोला उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुये सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि प्रकृति और पशु धन के प्रति आभार जताने वाला अनूठा पर्व पोला हमारी समृद्ध संस्कृति का अनुपम उदाहरण है। बैल साल भर खेतों में किसानों के साथ कार्य करते है। साल में एक बार हमें उनकी सेवा करने का अवसर मिलता है।सांसद श्री साहू ने यहां गुढ़ी लेकर आए किसान बंधुओं को कार्यक्रम में सम्मानित कर उन्हें पोला पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में भाजपा ज़िला अध्यक्ष शेषराव यादव, महापौर विक्रम सिंह अहके, पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना, म;प्र बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष गंगा प्रसाद तिवारी, सार्वजनिक पोला उत्सव समिति के संयोजक वरिष्ठ पार्षद विजय पांडे, मण्डल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, अंकुर शुक्ला सहित अन्य वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और किसान बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# 42.51 लाख की राशि के लिए जारी हुई आरआरसी के नोटिस हो रहे तामील

## प्रधानमंत्री आवास योजना राशि वसूली पर निगम की सख्ती जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) बीएलसी घटक में राशि लेने के बावजूद पक्के मकान न बनाने वाले हितग्राहियों पर नगर निगम छिंदवाड़ा की सख्ती लगातार जारी है। शुक्रवार को 106 हितग्राहियों पर कार्रवाई करते हुए तहसीलदार द्वारा राजस्व रिकवरी प्रमाणपत्र (RRC) जारी किया गया था। इन प्रकरणों की कुल राशि 42 लाख 51 हजार रुपये है।नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने बताया कि आज 35 प्रकरणों में नोटिस तामिल किए गए हैं। इसके साथ ही शेष 158 प्रकरणों पर आगामी दिनों में कार्यवाही की जाएगी।आयुक्त श्री राय ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना का दुरुपयोग करने वालों से किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जाएगा। आरआरसी जारी होने के बाद राशि वसूली की कार्रवाई की जाएगी, जिसके अंतर्गत संबंधित हितग्राहियों की चल-अचल संपत्तियां कुर्क कर नीलाम की जा सकती हैं। राशि का लाभ ले चुके हितग्राहियों के संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज नगर निगम के पास उपलब्ध है। जिनकी नीलामी की कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने दोहराया कि जिन हितग्राहियों ने योजना की राशि प्राप्त की है, वे निर्धारित समय सीमा में अपना मकान निर्माण कार्य पूरा करें, अन्यथा उनके विरुद्ध भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### प्रधामनंत्री आवास योजना की नई सूची का प्रकाशन, दावा आपत्ति 02 सितम्बर तक

छिंदवाड़ा। शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 की डीपीआर तैयार करने का कार्य नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में निकाय द्वारा आगामी डीपीआर हेतु 192 हितग्राहियों का चयन आगामी हितलाभ हेतु किया गया था। इन हितग्राहियों के चयन उपरांत सूची वेबसाइट एवं निगम के सूचना पटल पर चस्पा की गई। जिसके दावा आपत्ति के लिए 15 दिवस का समय दिया गया है। उक्त सूची में जिन भी नागरिकों को आपत्ति हो वह 02 सितंबर 2025 को शाम 06 बजे तक अपनी आपत्ति निगम कार्यालय में दे सकता है।

## ग्रामीण क्षेत्र के युवा साहिल उइके का एमबीबीएस में चयन



तामिया। विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अनहोनी के सरपंच जितेंद्र शाह उईके एवं क्रांति बाई उईके के सुपुत्र साहिल उईके का नीट परीक्षा 2025 में एमबीबीएस में चयन हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र में उन्होंने यह उपलब्धि प्राप्त कर पूरी ग्राम पंचायत ही नहीं विकासखंड, विधानसभा का नाम भी रोशन किया है उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत माता-पिता और गुरुजनों को दिया है उनकी इस सफलता पर माता-पिता सहित प्यारेलाल उईके जनपद सदस्य, देवी सिंह उईके जनपद सदस्य, देवी सिंह पटेल जनपद सदस्य, कमलेश पाल,प्रकाश पाल ,नीलेश बेलवंशी पत्रकार दिनेश नागवंशी,ओम प्रकाश पटेल,विपिन डबरे,प्राचार्य राजेश कुशवाहा सहित सभी ईस्ट मित्र जनों ने बधाई प्रेषित की है।

## प्रशासन की मौजूदगी में मनाया गोटमार पर्व, तैनात रही पुलिस

# गोटमार मेले में 1000 से ज्यादा घायल, 2 रेफर






हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

आज यहां संपन्न विश्वविख्यात गोटमार मेले में पत्थरबाजी के चलते पांढुर्ना और सावरगांव दोनों पक्षों के 1000 से अधिक लोग घायल हो चुके है। दोपहर 3 बजे तक 300, शाम 6 बजे तक 600 और 7 बजे के बाद घायलों का आंकडा 1000 पार हो चुका था। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार भाऊराव धुर्वे निवासी ग्राम नीलकंठ के पैर की हड्डी टूटी और निलेश जानराव निवासी पांढुर्णा के कंधे की हड्डी टूटी गई। इन दोनों गंभीर घायलों को नागपुर रिफर कर दिया है। आज पांढुर्ना के खिलाडी शाम 7 बजे तक झंडा तोडने में असफल रहे। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों की पहल पर पांढुर्ना और



सावरगांव की शांति समिति सदस्यों की बार बार समझाईश और कोशिश पर दोनों पक्ष सहमत हुए और झंडा पांढुर्ना पक्ष को सौंपा गया। दिनभर आसमान में काले बादल और सुबह से ही बारिश की लुकाछिपी की वजह से सुरज निकला ही नहीं। इस कारण सावरगांव के खिलाडियों को तेज धूप का सामना नहीं करना पडा और उन्होंने पांढुर्नावासियों को झंडा नहीं ले जाने दिया। हालांकि दो तीन बार पांढुर्ना के खिलाडियों ने झंडे पर कुल्हाडी से गहरे आघार किए लेकिन पत्थरों की तेज बौछार के बीच उन्हें खाली हाथ लौटना पडा।

जिला प्रशासन की ओर मेले में सुरक्षा हेतु 600 पुलिस जवान, 58 डॉक्टर, 200 मेंडिकल सहायक स्टाफ तथा 6 अस्थाई स्वास्थ्य केंद्र बनाए गए और क्षेत्र में धारा 144 लागू की गई थी।

## किसानों और गणमान्य नागरिकों ने किया पूजा अर्चना, क्षेत्र में लोगों में दिखा उत्साह

# सिंगोड़ी में पोला पर्व पर दौड़ी बैलजोड़ी, किसानों ने की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



प्रदेश की पारंपरिक पर्व पोला आज 23 अगस्त को मनाया गया जिसको लेकर बाजारों में मिट्टी के बैल व पोरा-जाता को बेचने के लिए दुकानदारों ने दुकान लगाई और लोग खरीदने पहुंचे।पोला पर्व को लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने जमकर खरीददारी की। साप्ताहिक बाजार होने पर मिट्टी से बने नंदी बैल लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। नंदी के अलावा मिट्टी के खिलौने बर्तन की मांग लोगो द्वारा की जा रही थी। सिंगोड़ी के साप्ताहिक बाजार शनिवार में भी पोला त्यौहार की रौनक नजर आई। बाजार में पोला पर्व मिट्टी से बने हुए नंदी बैल, पोरा जाता सजाया गया। लोगों ने भी पूजा पाठ के लिए इसकी खरीदी की।नंदी बैल जहां 40, 50 रुपए तक बिके। वहीं 100, 200 तक पोरा जाता बिका। पोरा शनिवार को किसानों द्वारा अपने बैलों की पूजा अर्चना बस स्टैंड सिंगोड़ी के अमरवाड़ा मुख्य मार्ग पर किसानों और ग्रामीणों द्वारा किया गया। वही किसानों द्वारा बैलों को अलग अलग तरीके के रंगों और पोशाकों के माध्यम से सजाया गया।तत्पश्चात तोरण को तोड़ने के बाद बैलजोड़ी को दौड़ाया गया और पोला पर्व सभी ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।इस अवसर पर ग्राम के योगेश यादव, पवन राव सोनी, प्रसादी पटेल, बद्री पटेल, कैलाश साहू, नरेश पटवा, केशव

## परीक्षा आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 31 अगस्त

**जुन्नारदेव** -: मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड से 10वीं 12वीं उर्दू माध्यम की परीक्षा के फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। जिले के विद्यार्थियों को उर्दू माध्यम से 10वीं 12वीं परीक्षा जो दिसंबर2025 में होने वाली है। उसमें अपने फॉर्म जिले का अध्ययन केंद्र मदरसा मोहम्मदिया से संपर्क कर भर सकते हैं।म.प्र. मदरसा बोर्ड की कक्षा 10 वीं एवं 12वीं (उर्दू माध्यम) परीक्षा दिसम्बर 2025 हेतु परीक्षा आवेदन पत्र भरने की सुविधा 20 **August** 2025 तक निर्धारित थी। अध्ययन केंद्रों की दरख्वास्त पर आवेदन करने की सुविधा 31 **August** तक एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल पर **G2G** के माध्यम से उपलब्ध रहेगी। परीक्षा आवेदन सह-पत्रों (क्रेडिट अन्य मण्डल की मूल अंकसूची, अंकसूची का सत्यापन एवं अन्य दस्तावेज) सहित कार्यालय मदरसा बोर्ड को प्राप्त होना अनिवार्य है। अध्ययन केन्द्रों/छात्रों को निर्देशित किया जाता है कि आवेदन पत्र भरने से पूर्व बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देशों का भलिभांति अवलोकन कर लें जिससे की आवेदन पत्रों में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। किसी भी प्रकार की त्रुटि/कमी होने अथवा मूल आवेदन सह-पत्रों सहित प्राप्त न होने, कक्षा 10वीं एवं 12वीं में निर्धारित अंतराल न होने पर आवेदन निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी ।जिसके जिम्मेदार आप स्वयं होंगे। निरस्त आवेदन पत्रों के शुल्क की वापसी एवं समायोजन किसी भी दशा में नही किया जावेगा। आदेश अनुसार सचिव मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड।

## धूमधाम से मनाया गया पोला पर्व , बहुत मुश्किल से टूटी तोरण



**न्यूटन / परासिया** :- कोयलांचल में पोला पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर जगह - जगह तोरण बांधी गई । जिसे किसानों ने अपने बैलों को दौड़कर तोड़ा और पुरस्कृत हुए । परंपरा अनुसार न्यूटन बस स्टैंड में बैल दौड़ का आयोजन किया गया । इस बार यह आयोजन महाकाल समिति के द्वारा किया गया । नारियल , कुरकुरे , फल आदि से पिरोई गई रस्सी की तोरण काफी ऊंचाई पर बांधी गई । जिसे तोड़ने के लिए 6 किसान अपनी बैल जोड़ियों को लेकर मैदान में उतरे । काफी मशक्कत के बाद किसान फूल यदुवंशी ने तोरण तोड़ने में कामयाबी हासिल की । तोरण टूटते ही बैल दौड़ देखने वाले तोरण में लगी सामग्रीयों को लूटने में लग गए । समिति के द्वारा जीतने वाली जोड़ी को आर्थिक ईनाम दिया गया । जिसके बाद किसान अपने बैलों को लेकर परंपरा के अनुसार आसपास की दुकानों और घरों में गए । लोगों ने बैलों को मिष्ठान आदि खिलाये । न्यूटन पुलिस चौकी के समीप भी बैल दौड़ का आयोजन किया गया ।

## खण्ड स्तरीय पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर खण्ड स्तरीय पर्यावरण संगोष्ठी खंड का आयोजन पंडित रवि शंकर शुक्ला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को पेड़, जल और प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी देना था।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए पंडित डॉ.सुशील मिश्रा जिला धार्मिक प्रमुख ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि पेड़, जल हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं, लेकिन इनका उपयोग और संरक्षण कैसे किया जाए, यह हम सभी की जिम्मेदारी है। पंडित जी ने बताया कि पेड़ न केवल हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि ये जलवायु को संतुलित रखने, मिट्टी के कटाव को रोकने और जैव विविधता को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वृक्षारोपण के माध्यम से हम अपने पर्यावरण को सुधार सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ वातावरण छोड़ सकते हैं।जल के महत्व पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जल जीवन का आधार है। लेकिन आजकल जल संकट एक गंभीर समस्या बन चुकी है। उन्होंने जल संरक्षण के उपायों पर प्रकाश डाला, जैसे वर्षा के पानी को संचित करना, नदियों और जलाशयों की सफाई करना, और जल का विवेकपूर्ण उपयोग करना।

## मंदिर की दान पेटी तोड़कर चुराए पैसे

**परासिया :** इकलेहरा की महाकाल समिति ने बड़कुही पुलिस चौकी में लिखित शिकायत दर्ज कराई है , कि क्षेत्र में स्तिथ महाकाल मंदिर में बीती रात अज्ञात लोगों द्वारा दान पेटी को तोड़कर दान के पैसे चुरा लिए गए । समिति के लोगों ने पुलिस से इस मामले में तत्परता से कार्यवाही कर चोरों को शीघ्र पकड़ने की मांग रखी है ।

# 6वीं मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय थांगता प्रतियोगिता के लिए रवाना खिलाड़ी

## थांगता मार्शल आर्ट्स खेल में 38 खिलाड़ी करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव




जिला थांगता एसोसिएशन छिंदवाड़ा का दल 22 अगस्त को पातालकोट से सुबह राजधानी भोपाल एल.एन.सी.टी यूनिवर्सिटी में आयोजित 6वीं राज्य स्तरीय थांगता प्रतियोगिता के लिए 38 खिलाड़ी 4 कोच और 1 टीम मैनेजर सहित 43 सदस्य दल रवाना हुए। यह थांगता मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता 14 वर्ष सबजूनियर,18 वर्ष जूनियर एवं 18 वर्ष सीनियर के बालक बालिका अपने जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए नजर आएंगे।

जिला सचिव योगेश रुखमांगद ने जानकारी देते हुए बताया कि थांगता खेल हमारे भारत का सबसे विकसित मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स माना जाता है जोकि शासन द्वारा संचालित प्रतियोगिता में भी शामिल है। इस राज्य स्तरीय थांगता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को आगामी अक्टूबर माह गोवा मढ़गांव में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय थांगता प्रतियोगिता हेतु चयनित किया जाएगा। इस राज्य स्तरीय थांगता मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता के 14,18 एवं 18 वर्ष से अधिक के बालक/बालिका वर्ग के फस्ट स्टाइल फुनाबा आमा,सेकेंड स्टाइल फुनाबा आनिशुबा की आयु एवं वर्ग में नक्ष जैसवाल,आयुष धुर्वे,अंश ढोक,पार्थ लारोकर,श्रेयश गुप्ता,श्रेया केवट,समृद्धि चौहान,यथार्थ मानकदिवे,ओम ठाकुर,अथर्व ठाकुर,निशिकेत सल्लाम,लक्ष्य विश्वकर्मा,अनिका सेन,अनिष्का जैसवाल,सोनाक्षी बेस,अनाबिया खान,अथर्व मानकदिवे,अमोल खेत्रपाल,वेदिश भूमरकर,काव्य कुरोलिया,निहार साहू,हिमेश भारती,सोम कुमार विश्वकर्मा,अंश जैन,हर्ष इवने,मो.आवान खान,आरव जैसवाल,डिंकल बरहैया, विभोर मालवी अर्पित विश्वकर्मा,अथर्व गुगनानी,जयंत साहू,श्रीसमर्थ रुखमांगद,दुर्गासाक्षी बेस,आशना धुर्वे,स्वस्ति जैन,श्रृष्टि पांडे,अनुज भारद्वाज चयनित होकर प्रतियोगिता के लिए रवाना हुए।

## गणेशोत्सव व आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की अहम बैठक सम्पन्न

**चौरई।** आगामी गणेशोत्सव एवं अन्य त्यौहारों को लेकर नगर में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने हेतु शांति समिति की बैठक आज जनपद सभा ग्रह में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्रभात मिश्रा ने की।बैठक में विशेष रूप से गणेश पंडाल समितियों एवं डीजे संचालकों को बुलाकर उन्हें नियमों का पालन करने, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण, रात्रि समयसीमा का ध्यान रखने एवं आपसी भाईचारा कायम रखने की सख्त हिदायत दी गई। एसडीएम प्रभात मिश्रा ने कहा कि "त्योहार हर्षोल्लास से मनाए जाएं, लेकिन कानून और मर्यादा का पालन सबकी जिम्मेदारी है। शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।"बैठक में पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि त्यौहार को मिलजुल कर, शांति और सद्भाव के साथ मनाया जाएगा।



## किसानों की मंथन बैठकः सरकार के वादों को पूरा करने की मांग

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जनपद क्षेत्र लांजी के ग्राम भानेगांव में बेटा बचाओ राष्ट्रीय अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर उमरे की अध्यक्षता में आयोजित किसानों की मंथन बैठक में सरकार के वादों को पूरा करने की मांग की गई। किसानों ने चेताया कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे आंदोलन को बड़ा बनाने की तैयारी करेंगे। इस दौरान किसानों ने कहा कि सरकार ने चुनाव के समय कई वादे किए थेए लेकिन आज तक उन्हें पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से



मांग करेंगे और अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे आंदोलन को बड़ा बनाने की तैयारी करेंगे। किसानों ने आगे कहा कि वे अपने अधिकारों के लिए लड़ेंगे और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे सरकार को यह बताना चाहते हैं कि वे अपने अधिकारों के लिए लड़ेंगे और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस मंथन बैठक में किसानों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर लडन्ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि वे सरकार के साथ बातचीत करेंगे और अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे आंदोलन को बड़ा बनाने की तैयारी करेंगे। बैठक के दौरान ..... जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति उमरे, जनपद सदस्य दिनेश लांडे, जनपद पंचायत श्री बेदरे जी, राम देवीचरण ठाकरे सरपंच, ललित कबीरे, सरपंच संघ अध्यक्ष, मोहझरी उप सरपंच रीता कृष्णकांत रावते, होमेश्वर घोरमारे माझी सरकार अध्यक्ष लांजी, साथ ही क्षेत्रके सभी किसान बैठक में उपस्थित रहे।

# भाजपा नेताओं ने विद्युत कटौती को लेकर कार्यपालन अभियंता को सौंपा ज्ञापन

## अपनी ही सरकार के खिलाफ उतरे भाजपाई

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** क्षेत्र में हो रही लगातार बेसमय विद्युत कटौती से जनता में फैल रही नाराजगी को देखते हुए भाजपा के चार मंडलों के अध्यक्षों व पदाधिकारी आज अपनी ही पार्टी के खिलाफ उतर आए। विद्युत कटौती को लेकर इन भाजपाई नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जमकर आक्रोश व्यक्त किया और मध्यप्रदेश विद्युत मंडल वारासिवनी के वारा कार्यालय में कार्यपालन अभियंता बी एल भैना से मुलाकात कर उनको एक ज्ञापन सौंपा। इन भाजपाई नेताओं में इतना अधिक आक्रोश व्याप्त था कि उन्होंने विद्युत कटौती बंद नहीं होने पर कार्यालय में तालाबंदी तक कर देने की चेतावनी अधिकारियों को दे दी।

***<u>विरोध की राजनीति की मानसिकता से नहीं दूर हो पाए है तत्कालीन कांग्रेसी/वर्तमान भाजपाई</u>***

इन भाजपाईयों की आज की कार्यप्रणाली को देखकर उनके द्वारा वर्षो पहले विद्युत मंडल कार्यालय में की गई तोडफ़ोड़ की यादे ताजा हो गई। जब इनमें से अधिकांश भाजपाई कांग्रेस में थे और अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में तत्कालीन विधायक के नेतृत्व में उनके द्वारा विद्युत मंडल का घेराव किया गया था और तोडफ़ोड़ तक कर दी गई थी। जिसका प्रकरण भी पुलिस थाने में दर्ज हुआ था और वर्षो तक न्यायालय में केस भी चला। उस समय कांग्रेस विपक्ष में थी और भाजपा सत्ता में बैठी हुई थी। लेकिन आज तत्कालीन विधायक के साथ उनके भाजपा में शामिल हो गए और पार्टी के जिम्मेदार पदों पर बैठे हुए हैं। वहीं भाजपा की सत्ता आज भी कायम हैं। उसके बावजूद इन भाजपाईयों द्वारा नागरिकों की समस्याओं के नाम पर विद्युत मंडल के अधिकारियों को चेतावनी देना और ज्ञापन सौंपकर आक्रोश व्यक्त करना, अपनी ही सत्ता की पार्टी के खिलाफ असंतोष व्यक्त करना समझा जा रहा हैं। इससे ऐसा लगता हैं कि अभी भी इन तत्कालीन कांग्रेसियों की सरकार के विरोध की मानसिकता समाप्त नहीं हुई हैं। इसीलिए भाजपा में शामिल होने के बावजूद भी अपनी ही सरकार के खिलाफ विरोध पर उतर आए है।



### कांग्रेसियों को नहीं हैं जनता की समस्याओं से मतलब

विदित हो कि पिछले कुछ महीनों से नगर व ग्रामीण क्षेत्र में बेमियादी तरीके से बिजली की ऑख मिचौली का खेल चल रहा हैं। जिसके कारण नागरिकों व ग्रामीणों के इलेक्ट्रानिक उपकरण लगातार खराब हो रहे हैं और उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा हैं। जनता की इस समस्या की ओर विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेताओं का कोई ध्यान नहीं हैं। वैसे भी वर्तमान समय में कांग्रेस का विधायक होने के उसके तीनों मंडल के अध्यक्ष निष्क्रिय पड़े हुए हैं। जिन्हें जनता की समस्याओं से कोई मतलब नहीं हैं।

## किरनापुर के पंवार भवन में हुई मेट संघो की बैठक

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** पंवार भवन किरनापुर में मेट संघो की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, शुक्रवार को ग्राम पंचायत मनरेगा मेट संगठन की बैठक किरनापुर पवार भवन में आयोजित की गई थी जिसमें मुख्य रूप से संगठन के पदाधिकारी की उपस्थिति दर्ज की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष चुन्नीलाल पारधी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ,हेमराज बाहे एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप गनवीर ब्लॉक अध्यक्ष रेख लाल सोनेकर ब्लॉक के कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं मेट सदस्य साथी एवं मेट बहनों की बैठक में अधिक से अधिक उपस्थिति प्रदान कर संगठन के बैठक को सफल बनाने में सहयोग किया ।तथा ब्लाक कार्यकारिणी एवं जिला कार्यकारिणी के माध्यम से विचार साझा कर संगठन को मजबूत दिशा प्रदान करने की अपील की गई एवं मनरेगा के तहत में कार्य स्थल पर एमएस में अटेंडेंस लेने में समस्या उत्पन्न होती है। इस संदर्भ को शासन की संज्ञान में बातें लाने एवं विभाग से जुड़े पदाधिकारी का मौखिक एवं लिखित में लेटर लिखकर अवगत कराने की बात की गई एवं साथ में आगामी समय में संगठन के माध्यम से राष्ट्रीय पर पदाधिकारी के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि दिल्ली जाकर मनरेगा से संबंधित अधिकारी कर्मचारी से मुलाकात कर ग्राम पंचायत मनरेगा मेट संगठन के निम्न मांगों को शासन संज्ञान में रखकर अवगत कारण एवं लिखित में ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया है ।जिला अध्यक्ष चुन्नीलाल पारधी, जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप गणवीर, ब्लॉक अध्यक्ष रेख लाल सोनेकर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हेमराज बाहे क्षेत्र के समस्त मेट संघो की उपस्थिति सराहनीय रही।



## उपयंत्री राजेश चौकसे की कार्यशैली पर जताई नाराजगी

# विधायक ने एमआरएफ सेंटर का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी ने शनिवार को दोपहर साढ़े 03 बजे नट्टीटोला में मिनी स्टेडियम के पास निर्मित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर यानी एमआरएफ का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान एमआरएफ की हालत को देखकर विधायक ने जमकर नाराजगी जताई. नगर परिषद ने करीब 05 वर्ष पहले लाखों रुपए खर्च कर स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत एमआरएफ सेंटर का निर्माण करवाया. जहां आधुनिक मशीनें लगाई गई परंतु बिजली की कमी के कारण यह सेंटर आज तक शुरू नहीं हो पाया है. जिस कारण नगर से निकलने वाला कूड़ा-कचरा स्टेडियम की तरफ जाने वाले रास्ते में सड़क किनारे फेंका जा रहा है. जिससे प्रदूषण फैल रहा है और आस-पास के इलाके में संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है. इस बीच अलग-अलग समय में एमआरएफ में तीन बार चोरी की वारदातें हो चुकी है. अज्ञात चोरों ने मशीनों की मोटर से लेकर टीन शेड से टीन तक चोरी कर लिए है. यह तमाम विषय विधायक के सामने लाकर रखे गए. जिस पर संज्ञान लेते हुए विधायक ने निरीक्षण किया. इस दौरान सीएमओ राधेश्याम चौधरी, उपाध्यक्ष धर्मकला देशमुख, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे, लेखापाल अशोक दुबे, पार्षद प्रतिनिधिगण भी मौजूद रहे।



विधायक ने निरीक्षण के दौरान उपयंत्री राजेश चौकसे से एमआरएफ को लेकर कई तरह के सवाल किए तो वह उपयंत्री विधायक को ही गुमराह करने वाले जवाब देते हुए नजर आए. जिस पर विधायक ने नाराजगी जाहिर की. गौरतलब हो कि करीब 10 एकड़ की भूमि नगर परिषद ने मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर के नाम पर उपयोग के लिए रखी हुई है. अभी मौजूदा वक्त में सड़क के किनारे कचरा फेंका जा रहा है बारिश के बाद हल्की सी धूप निकलने पर कचरे में जो सड़ाध पनपती है उससे इस रास्ते स्टेडियम जाने वाले खिलाड़ियों को काफी परेशानी होती है. बीते दिनों नगर के खिलाड़ियों ने बताया कि गंदी बदबू से श्वास संबंधी दिक्कतें होती है. सड़क पर कचरा और गंदी बदबू से परेशान होकर अब खिलाड़ियों ने मिनी स्टेडियम जाना छोड़ दिया है।

उपयंत्री ने विधायक को बताया कि मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर में बिजली से लेकर अन्य कार्यो के लिए ठेका हो चुका है. ठेकेदार जितेन्द्र राणा को ठेका मिला है. 06 माह की समयावधि में कार्य पूर्ण करना है. विधायक को निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि ने स्टेडियम के सामने बने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के अधूरे निर्माण की जानकारी दी. विधायक ने सीएमओ और उपयंत्री ने पूछा की इस कार्य को अधूरे रखने वाले ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई जिस पर उपयंत्री ने फिर पूरा ठिकरा पीआईसी की बैठक पर फोड़ दिया और कहा कि पीआईसी निर्णय लेगी जिसकी बैठक नहीं हो रही है. हालांकि उनके इस जवाब पर पार्षद प्रतिनिधि भी भड़क गए और बोले की बैठक तो अभी 06 माह से नहीं हो रही है इसके पहले यह विषय क्यों सामने नहीं लाया गया. विधायक ने निरीक्षण से पहले कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 14 की एक सड़क का भूमिपूजन किया. इस अवसर पर वार्ड पार्षद मनीषा कोचर सहित अन्य वार्ड पार्षद और नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी और वार्डवासी मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में मनाया गया युवा दिवस

**वारासिवनी।** शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्याल वारासिवनी में प्राचार्य डॉ0 रक्षा निकोसे के मार्गदर्शन एवं स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी नरेन्द्र कुमार डोंगरे के नेतृत्व एवं कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती हर्षिता मेश्राम की उपस्थिति में महाविद्यालय के इंदिरा कक्ष में विश्व युवा दिवस के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 सरिता कोल्हेकर प्राध्यापक, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ0 हेमन्त कुमार मण्डाले सहायक प्राध्यापक, मुख्य वक्ता वी0 के0 सिंह सहायक प्राध्यापक तथा दोमदत्त सिंह सहायक प्राध्यापक के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि डॉ. कोल्हेकर द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ द्वारा किया।

## उकवा में सचिव की मांग को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज उकवा।** जनपद पंचायत परसवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत उकवा के उपसरपंच एवं पंचों ने सचिव एवं रोजगार सहायक की नियुक्ति को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी परसवाड़ा को कलेक्टर के नाम सौपा ज्ञापन । ग्राम पंचायत उकवा के उप सरपंच एवं पंचों ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत उकवा जनपद पंचायत परसवाड़ा के अंतर्गत आने वाली सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है जिसकी आबादी लगभग नौ हजार है इतनी बड़ी पंचायत होने के बावजूद भी विगत एक माह से यहा सचिव नहीं है इसी प्रकार 13/8/2025 से रोजगार सहायक भी नहीं है ग्राम पंचायत उकवा में सचिव एवं रोजगार सहायक के न होने से ग्राम की आम जनता को अनेकों प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जैसे की जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र विवाह एवं पर परिवार प्रमाण पत्र जैसे अन्य प्रमाण पत्र एवं आवश्यक कार्यों के लिए ग्राम की जनता परेशान हो रही है उकवा पंचायत का भौगोलिक क्षेत्रफल काफी बड़ा है लगभग 437 हेक्टेयर में बस है एवं उकवा के कुछ ग्राम जैसे की पानीटोला माईन कॉलोनी दुगलटोला लगभग 1 से 2 किलोमीटर की दूरी पर बसे हैं जिससे किसी नए सचिव एवं नये रोजगार सहायक को कार्य कर पाना यथा संभव नहीं होगा यही वजह है कि जिससे नव नियुक्त रोजगार सहायक छुट्टी पर चली गई है उकवा पंचायत में सचिव एवं रोजगार सहायक कि यदि नई पद स्थापना की जाती है तो उन्हें एक से 6 माह तक पूरे ग्राम के लोगों को पहचाने एवं समझने में लग जाएंगे ऐसी स्थिति में लोगों को समय पर लाभ नहीं मिल पाएगा इसीलिए ग्राम पंचायत उकवा के सरपंच एवं पंचगणों द्वारा विनम्रता पूर्वक सादर अनुरोध किया गया है कि ग्राम पंचायत उकवा के विकास एवं शासन द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं एवं ग्राम के गरीब परिवारों के लोगों को ध्यान में रखते हुए तत्कालीन सचिव दशरथ बिसेन एवं तत्कालीन रोजगार सहायक सुश्री प्रीति सहारे को ग्राम पंचायत उकवा जनपद पंचायत परसवाड़ा में यथावत उनके पदीयकार्यो में रखा जावे जिससे ग्राम पंचायत उकवा के सभी प्रकार के कार्य बाधित न हो कर नियमित रूप से चलते रहें । मांग करता श्री शिव शंकर तिवारी उप सरपंच उकवा परमानंद पारधी संजीव अग्रवाल संजय अग्रवाल हरीश मरावी जैक्सन सरभंग रमेश कुमरे सुमित बांगरे खिस्टो चरण श्रीमती ललिता रौतिया तेजस्विनी नाग रामवती उईके आरती भारद्वाज प्रमिला मेश्राम रीना जीजोतिया सविता सोना एवं कुमारी सृष्टि सिक्का ।



**खबर संक्षेप**

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने भक्तजनों के साथ किया श्री रामलला के दर्शन

**सिवनी।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुनने अयोध्या मे भक्तजनों के साथ श्री रामलला के दर्शन कर सभी के लिए मंगलकामनाएं किया। आज दोपहर 12:00 बजे स्पेशल ट्रेन से भक्तजनों के साथ अयोध्या धाम पहुंचने पर विधायक * दिनेश राय मुनमुन जी ने प्रभु श्रीराम जी की पवित्र जन्मभूमि अयोध्या नगरी को नमन किया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सर्वप्रथम पवित्र सरयू नदी मे स्नान उपरांत आपने हनुमान गढ़ी मे पवन पुत्र भगवान हनुमान जी के दर्शन कर पूजन-अर्चन किया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सभी भक्तजनों के साथ अयोध्या धाम मे भव्य श्रीराम मंदिर मे विराजमान मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम (श्रीरामलला) के भक्ति भाव से जय-जय श्रीराम के जयकारों के साथ दर्शन कर सभी के सुख, समृद्धि, सफलता, स्वास्थ्य, शांति और संपन्नता की मंगलकामनाएं किया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन के साथ सिवनी से बड़ी संख्या मे अयोध्या धाम पहुंचे सभी भक्तजनों द्वारा दोपहर एवं रात्रि भोजन गृहण किया गया। ज्ञात हो कि सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा भक्तजनों के लिए स्वयं के व्यय पर अयोध्या धाम श्री रामलला दर्शन तीन दिवसीय यात्रा हेतु स्पेशल ट्रेन की बुकिंग करायी गयी थी। जिसमें तीन दिवसीय यात्रा के दौरान सभी भक्तों के लिए भोजन, नाश्ता, चाय, पानी की व्यवस्था भी की गयी है।

## विनोबा ऐप में उत्कृष्ट कार्य के लिए चार शिक्षक सम्मानित

**घंसौर** / आचार्य विनोबा भावे शिक्षक कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक में पोस्ट ऑफ द मंथ के ब्लॉक स्तर के विजेता शिक्षकों को प्रमाणपत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। सदस्यों ने बताया कि विनोबा ऐप शिक्षकों के लिए उपलब्ध कराया गया एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। जो शिक्षकों के नवाचार शिक्षण कौशल और शह पाठ्यक्रमीय उत्कृष्ट गतिविधियों के क्रियान्वित करने वाले शिक्षकों को पोस्ट ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए चुना जाता है। पोस्ट ऑफ द मंथ के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक विवेक कुमार तिवारी बालपुर ,संजय कुमार रजक प्राथमिक शाला भिरा, शैलेश नंदिनी श्रीवास्तव माध्यमिक शाला शिकारा ,महेश कुमार राठौर माध्यमिक शाला दारोटकला को विगत दिवस विकासखंड स्तर का पोस्ट ऑफ द मंथ अवार्ड दिया गया यह सम्मान बीआरसी कमलेश बघेल एवं विनोबा ऐप के जिला परियोजना अधिकारी केशव नामदेव द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर बी.आर.सी.सी कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे

## थाना घंसौर पुलिस द्वारा ग्राम डोला शासकीय माध्यमिक शाला के रसोई घर से हुई चोरी का किया खुलासा

**सिवनी।** पुलिस अधीक्षक शिमाला प्रसाद के द्वारा चोरी की घटनाओं में अंकुश लगाने हेतु लगातार निर्देशित किया जा रहा है जिनके निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक मिश्रा एवं एसडीओ (पी) महोदय श्रीमती नम्रता सोंधिया के मार्गदर्शन में घंसौर पुलिस के द्वारा पूर्व में हुई चोरियों की तलाश पतारसी एवं चोरी के आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये दिनांक 14-15/08/25 की दरम्यानी रात्रि ग्राम डोला शासकीय माध्यमिक शाला के रसोई कक्ष का ताला तोड़कर अज्ञात चोर के द्वारा मध्यान भोजन बनाने के बर्तन, गैस टंकी चोरी कर ले गया था, रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही थी, मुखबिर की सूचना पर संदेही रामकिशोर उर्फ रामकुमार यादव पिता भद्दी यादव उम्र 30 साल निवासी पिपरिया थाना बरगी थाना जिला जबलपुर को दस्तयाब कर हिकमतमली से पूछताछ की गई जिसने चोरी स्वीकार करते हुये चोरी किया गया मशरूका 1. एक एल्यूमीनियम का गंजा 2. एल्यूमीनियम का ढक्कन 3. दो स्टील की परात 4. दो लोहे के चादर की टंकी 5. एक प्लास्टिक की बाल्टी 6. एक प्लास्टिक का टब 7. एक गैस टंकी जप्त की गई है, आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है।

# सिवनी जिले के रैक प्वाईंट पर दो दिन में प्राप्त हुआ 2283 मेट्रिक टन यूरिया उर्वरक

**सिवनी।** उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास सिवनी द्वारा लगातार कृषकों को यूरिया उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिले में उर्वरक, भंडारण वितरण की कलेक्टर महोदय सिवनी द्वारा प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है तथा जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हो इस दिशा में निरंतर वरिष्ठालय से समन्वय स्थापित कर उर्वरक की मांग की गई थी जिसके क्रम में सिवनी जिले को सिवनी रैक प्वाईंट पर दो दिन में 2283 मेट्रिक टन यूरिया उर्वरक प्राप्त हुआ है। दिनांक 22-8-2025 को रैक प्वाईंट पर चंबल फर्टिलाईजर्स एण्ड केमिकल्स लिमिटेड कंपनी की रैक से 688 मेट्रिक टन यूरिया प्राप्त हुआ वही दिनांक 23-8-2025 को कृभको फर्टिलाईजर्स लिमिटेड कंपनी की रैंक से 1595 मेट्रिक टन यूरिया उर्वरक प्राप्त हुआ है।शासन के नियमानुसार जिले को प्राप्त यूरिया की मात्रा का 70 प्रतिशत सहकारी क्षेत्र में तथा 30 प्रतिशत निजी क्षेत्र में भंडारित होना है। उपसंचालक कृषि, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं जिला विपणन अधिकारी द्वारा समिति एवं मार्कफेड के गोदामों का चयन कर संबंधित कंपनी को रैक प्लान अनुसार उर्वरक का भंडारण करने के निर्देश दिये है। जिले को प्राप्त उक्त उर्वरक आगामी दिनों में कृषकों को वितरित होना है। रैक प्वाईंट पर पहुंचकर किया अधिकारियों ने सत्यापन सिवनी जिले के रैक प्वाईंट में पहुंचकर उपसंचालक कृषि सुधीर कुमार धुर्वे, सहायक संचालक कृषि प्रफुल घोडेसवार एवं जिला विपणन अधिकारी के. आर. परतेती ने प्राप्त यूरिया उर्वरक का सत्यापन किया तथा संबंधित कंपनियों के प्रतिनिधि को एवं परिवहनकर्ता को रैक प्लान अनुसार ही समितियों में एवं मार्कफेड के गोदामों में परिवहन करने के निर्देश दिये है। अधिकारियों ने कृषक भाईयों से अपील की जाती है कि वे संतुलित मात्रा ही उर्वरकों का प्रयोग करें।





## आप कोई भी कार्य जुनून से करेंगे तो निशिचत रूप से सफलता मिलेगी

### श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्यप्रदेश में विराजमान

महासमाधिधारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित एवं परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्यपरम पूज्य मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज, परम पूज्य मुनि श्री भाव सागर जी महाराज के सान्निध्य में 20 अगस्त 2025 को , प्रातः काल की बेला में मांगलिक क्रियाएं की गई , आचार्य श्री की पूजन की गई, परम पूज्यमुनि श्री धर्म सागर जी महाराज के निर्जल तीन उपवास का पारणा महोत्सव संपन्न हुआ इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री भावसागर जी महाराज ने कहा कि आप कोई भी कार्य जुनून से करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी, कमजोर व्यक्ति की सहायता करने वाला कोई नहीं होता है, हर कार्य में अपनी पीठ खुद थपथपाना होती है, कोई भी कार्य कठिन नहीं होता है, व्यक्ति यदि किसी कार्य में समय देता है तो निश्चित सफलता मिलती है, बार-बार पढ़ने से याद हो जाता है, किसी की हंसी नहीं उड़ाये, अपने आप को कभी कमजोर नहीं समझे, जितने लोग भी ऊंचाइयों पर पहुंचे हैं उन्होंने परेशानियों का सामना किया है, कमेटी ने बताया कि समाधिस्थ परम पूज्यआचार्य श्री शांति सागर जी महाराज (दक्षिण )का समाधि दिवस महोत्सव 25 अगस्त को प्रातः 8:30 बजे से मनाया जाएगा,

# विचार बहुत शक्तिशाली होते हैं - डॉ. मोना कौरव

## राजीव गांधी पंचायत राज संगठन की बैठक संपन्न हुई

**सिवनी । आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन में राजीव गांधी पंचायत राज संगठन की जिला इकाई की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री नरेश मरावी का संगठन की ओर से स्वागत किया गया।**

सर्वप्रथम अतिथि गणों द्वारा महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। तदोपरांत आरजीपीआरएस की परंपरा अनुसार राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रारंभ में संगठन के संबंध में जानकारी देते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष श्री मोहन सिंह चंदेल ने बताया कि इस संगठन की स्थापना कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी जी द्वारा सन 2007 में की गई थी। यह संगठन देशभर में अपने सर्वोदय संकल्प शिविर के माध्यम से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने का कार्य करता है।

तत्पश्चात उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए राजीव गांधी पंचायत राज संगठन की प्रदेश अध्यक्ष दो मोनू कौरव ने कहा की हमारा संगठन राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सतत कार्यरत है। इसके माध्यम से हम अपने कांग्रेस के साथियों को कांग्रेस की विचारधारा से अवगत कराने का निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विचार सदैव व्यक्ति से शक्तिशाली होते हैं और इस बात को उन्होंने उदाहरण सहित समझते हुए कहा कि राष्ट्र विरोधी मानसिकता वाले लोगों ने गांधी जी की हत्या कर दी। इससे गांधी जी के शरीर की तो हत्या हो गई परंतु उनके विचार आज भी उतने ही शक्तिशाली है। और अनेकों वर्षों तक उनके विचार जीवित रहेंगे।

## मैं संगठन की मजबूती हेतु सभी को साथ लेकर चलूंगा - नरेश मरावी

जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री नरेश मरावी ने अपना अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कहा कि मैं जिले के संपूर्ण कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेस हाई कमान का बहुत आभारी हूं जिन्होंने मुझ जैसे गांव के रहने वाले साधारण किसान परिवार एवं आदिवासी वर्ग के व्यक्ति को कांग्रेस के संगठन की बागडोर सौंपी है।श्री मरावी ने कहा कि मैं सभी को साथ लेकर चलूंगा एवं संगठन की मजबूती के लिए कार्य करूंगा। उन्होंने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की है।कार्यक्रम को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री श्री राजा बघेल जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री मोहम्मद असलम खान आरजीपीआरएस के प्रदेश महामंत्री श्री सुधीर भारती राष्ट्रीय प्रशिक्षक श्री विजेंद्र हरवाल संगठन के सिवनी जिले के प्रभारी श्री रसूल खान एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्री दुपेंद्र लकी अमूले ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन संगठन के जिला अध्यक्ष श्री मोहन सिंह चंदेल ने किया एवं आभार प्रदर्शन जिला पंचायत सदस्य श्री सतीश सरयाम ने किया।इस अवसर पर उपस्थित अतिथि गणों का श्री दुपेंद्र अमूल एवं साथियों ने शाल श्रीफल से स्वागत किया। इसके साथ ही वर्ष 2022 में आयोजित सर्वोदय संकल्प शिविर में सहयोग प्रदान करने हेतु कृष्णा लान लूघरवाड़ा के संचालक एवं आरजीपीआरएस के ब्लॉक अध्यक्ष श्री सुदर्शन बघेल को अतिथि गणों ने शाल श्रीफल से सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष श्री सफीक खान श्री विष्णु करोसिया श्री राजा मुबीन खान श्री उमा प्रसाद ठाकुर श्री विनोद यादव एनएसयूआई के अध्यक्ष श्री धनंजय सिंह श्री राजेश पटेल श्री हुकुमचंद सनोदिया श्री सुजीत नाहटा श्री पवन दिवाकर श्री चंद्रशेखर आजाद श्री नंदू यादव श्री जयप्रकाश परिहार श्री यशपाल भलावी श्री दिलीप रंगडाले धारना श्रीमती गीता सिंह ठाकुर श्रीमती आशा चंदेल श्रीमती आशा भलावी श्रीमती तृप्ति नामदेव श्रीमती पवन रेखा विनायक श्रीमती सुनीता वर्मा श्रीमती योगिता सनोदिया श्री कमलेश सनोदिया श्री सरदार सिंह बघेल श्री विजय उईके श्री कलीम खान श्री साजिद पटेल श्री अनिल देशमुख श्री राम नारायण रघुवंशी श्री शिवदयाल पाल श्री नितेश राय श्री वीरेंद्र रघुवंशी एवं श्री जकरिया खान सहित बड़ी संख्या में आरजीपीआरएस के सर्वोदय साथी उपस्थित रहे।

# आगामी त्योहारों में कानून व्यवस्था के मद्देनजर कोतवाली पुलिस द्वारा ली गई शांति समिति की बैठक

आगामी त्योहार गणेश चतुर्थी, मिलाद उल नवी एवं ताजिया में शहर की कानून व्यवस्था के बनी रहे जिसके मद्देनजर पुलिस अधीक्षक सुश्री शिमाला प्रसाद से शहर की कानून व्यवस्था बनाये रखने रखने हेतु निर्देश प्राप्त हुए थे, जो श्रीमान श्रीमान एएसपी श्री दीपक मिश्रा एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमती पूजा पाण्डेय मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा थाना परिसर कोतवाली में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

शांति समिति की बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया, तहसीलदार श्री हिमांशु कौसल, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पाण्डेय, थाना प्रभारी कोतवाली श्री किशोर वामनकर विद्युत विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, समाज के सभी वर्गों के वरिष्ठजनों, पंडालों के आयोजकों एवं जन सामान्य शामिल हुए। बैठक में आगामी त्योहारों के संबंध में विस्तृत चर्चा कर त्योहारों का आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की समझाईश देकर हिदायत दी गई कि-1. **पंडालों के संबंध मेः**-प्रत्येक पंडालवाले आयोजकों का नाम आयोजकों का नाम मोबाइल नम्बर एवं वॉलंटियर का नाम थाना में देगें ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनसे संपर्क किया जा सकें। टी सी कनेक्शन अनिवार्य रूप से लेकर पंडालों में उचित प्रकाश की व्यवस्था रखेगें। पंडालों को किसी भी स्थिति में खाली नहीं छोड़ेगें कम से कम 02 व्यक्ति 24 घंटे रहेगें। पंडालों में अग्निशमन जैसे पानी, रेत आदि की व्यवस्था होनी चाहिए।

कोई भी पंडाल रोड़ को बाधित करते हुए न लगाये।

2. **विसर्जन के संबंध मेः**- मुर्ति विसर्जन गहरे पानी में जाकर न करें तैराकों के माध्यम से विसर्जन किया जाना सुनिश्चित करें। मुर्ति विसर्जन स्थल पर प्रशासन के द्वारा लगाये गये बैरिकेटिंग एवं निर्देशों का कठाई से पालन करें।

3. **डीजे संचालन के संबंध मेः**- डीजे को वाहन की ऊंचाई से अधिक ऊंचाई पर न रखें। जुलुस के दौरान डीजे की ध्वनि निर्धारित मानक से अधिक नहीं होना चाहिए। किसी भी प्रकार की भडकाऊ नारेबाजी या गाने पूर्णतः प्रतिबंधित है। झंडों में धातु के पाइप के स्थान पर लकड़ी या पीवीसी पाइप का प्रयोग करें। डीजे वाहन के ऊपर किसी भी व्यक्ति को न बैठाए। जुलुस निकालते समय यातायात बाधित न हो इस बात का ध्यान रखा जावें। सुचारू रूप से जुलुस के संचालन हेतु वांलटियर की व्यवस्था पंडालों के अध्यक्ष एवं समितियां करेंगी।

## कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर की सक्रियता से जिला सिवनी में साइबर हमले की बड़ी क्षति टली

**सिवनी।** शा. हायर सेकेंडरी स्कूल कहानी की कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर कु. बबली अर्जुनवार का व्हाट्सएप अकाउंट साइबर हमले का शिकार हो गया। उनके अकाउंट से कई व्हाट्सएप समूहों में एक संदिग्ध ₹**boi.apk**₹ फाइल स्वतः साझा की जाने लगी। यह स्थिति तब उजागर हुई जब पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, मठ मंदिर, सिवनी के आई.सी.टी.कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर श्री निशांत गार्वे ने उक्त फाइल को जिला कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर्स व्हाट्सएप समूह में देखा, जो कि **DEO** कार्यालय से संचालित होता है।उन्होंने तत्काल इस फाइल को डाउनलोड न करने की चेतावनी समूह में प्रसारित की तथा जिला **IT** सेल प्रभारी श्री ओ. पी. सनोडिया को दूरभाष के माध्यम से इसकी जानकारी दी। तत्पश्चात, श्री सनोडिया द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त लिंक को समूह से डिलीट कर दिया गया, जिससे फाइल के और प्रसार को रोका जा सका। यदि यह फाइल आगे फैलती, तो यह श्रृंखला निरंतर चलती रहती और अन्य उपयोगकर्ताओं के व्हाट्सएप अकाउंट भी हैक हो सकते थे। इसके परिणामस्वरूप साइबर धोखाधड़ी की घटनाएं बढ़ सकती थीं और संबंधित व्यक्तियों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता। ऐसी स्थितियाँ न केवल व्यक्तिगत गोपनीयता और सुरक्षा के लिए खतरा होती हैं, बल्कि संपूर्ण शैक्षणिक और प्रशासनिक तंत्र को भी प्रभावित कर सकती हैं। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर्स कु. बबली अर्जुनवार ने संकट की इस घड़ी में सहायता के लिए कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर्स श्री निशांत गार्वे का आभार व्यक्त किया। इस पूरे घटनाक्रम में श्री निशांत गार्वे तथा जिला **IT** सेल प्रभारी श्री ओ. पी. सनोडिया की सक्रियता एवं जागरूकता ने एक संभावित साइबर संकट को फैलने से रोक दिया।

## प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग कर बनाई जा रही गणेश प्रतिमाएं

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** संस्कार भारती नरसिंहपुर के तत्वावधान में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में इकोफ्रेंडली भगवान गणेश जी की मूर्ति निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में लगभग 150 छात्राओं ने प्रतिभागिता कर प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग कर मूर्तियों का निर्माण किया। इस अवसर पर शाला प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा ने इकोफ्रेंडली मूर्ति से पर्यावरण सुरक्षा के बारे में बताया। संस्कार भारती लोककला प्रान्त संयोजक सुमित दुबे ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा हमारे देश में गणेश उत्सव घर घर मे मनाया जाता है प्लास्टरॉप्रसिस की मूर्तियों से प्रकृति को बहुत नुकसान होता है इसलिए हम स्वयं अपने हांथो से इकोफ्रेंडली मूर्ति निर्माण कर अपने घरों में स्थापित कर घर पर ही विषर्जन कर प्रकृति की रक्षा करें।कार्यशाला में प्रशिक्षक संस्कार भारती की दृश्य कला संयोजक श्रीमती अंजना पेठिया द्वारा शुद्ध मिट्टी की गणेश मूर्ति निर्माण की बारीकियों को बताते हुए बच्चों को मार्गदर्शन कर प्राकृतिक रंगों जैसे हल्दी,कुमकुम,सिंदूर व अनाज के दानों से मूर्ति की सज्जा कैसे की जाए भी बताया।

## एन सी सी कमान अधिकारी का वार्षिक निरीक्षण संपन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** 1 एम पी बटालियन एन सी सी जबलपुर के कमान अधिकारी कर्नल समीर बोडस ने एम आई एम टी कॉलेज में संचालित एन सी सी कंपनी का वार्षिक निरीक्षण किया। कर्नल बोडस को एन सी सी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। महाविद्यालय के चेयरमैन इंजी. रुद्रेश तिवारी एवं प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग द्वारा सौजन्य भेंट की गई। एन सी सी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कर्नल बोडस ने सतत अध्ययन एवं जीवन में सफल होने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। अग्निवीर, सैन्य अधिकारी तथा एन सी सी सर्टिफिकेट परीक्षाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। एन सी सी ऑफीसर मेजर डॉ. पराग नेमा द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कंपनी का वार्षिक प्रतिवेदन एवं कार्य योजना पर प्रकाश डाला गया। लेफ्टि. जितेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कमान अधिकारी से महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कराया गया।

## राम का वनवास धर्म की रक्षा के लिए था और भरत का त्याग, भक्ति और भाईचारे की अद्वितीय मिसाल



**गोटेगांव**

विगतदिवस धार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वतीजी महाराज ने अपने चातुर्मास प्रवचन माला में बताया भरत का तपस्वी संकल्प, श्रीराम के अडिग निश्चय को देखकर भरत का हृदय भर आया। उन्होंने कहा भैया, यदि आप अयोध्या नहीं चलेंगे, तो मैं अयोध्या में राजसी सुख भोगने योग्य नहीं हूँ। मैं आपके चरणों की प्रतीक खड़ाऊं ही लेकर लौटूँगा और उन्हीं के माध्यम से राजसिंहासन पर राज्य करूंगा। जब तक आप लौटकर नहीं आते, मैं तपस्वी जीवन व्यतीत करूंगा, कुटिया में रहूंगा, मृगचर्म बिछाऊंगा, जटाएं रखूंगा और साधारण भोजन करूंगा। यह कहकर भरत ने श्रीराम की खड़ाऊं उठाई और हृदय से लगाकर अयोध्या लौटने लगे। भरत ने अयोध्या पहुंचकर राज्य का संचालन तो रामजी की खड़ाऊं के नाम से किया, परंतु स्वयं नंदीग्राम नामक स्थान पर तपस्वी जीवन व्यतीत करने लगे। वे हर दिन खड़ाऊं की पूजा करते और प्रजाजन से कहते यह राज्य मेरा नहीं, मेरे प्रभु श्रीराम का है। मैं तो केवल सेवक हूँ। भरत के लौट जाने के बाद श्रीराम ने चित्रकूट में कुछ समय तक निवास किया। वहां उनके दर्शन हेतु अनेक ऋषि-मुनि, साधु-संत और जनसमूह आते रहे। किन्तु, उनके वनवास का समय लंबा था, इसलिए वे आगे दक्षिण दिशा में प्रस्थान करने लगे। मार्ग में विभिन्न आश्रमों में ऋषियों ने श्रीराम से निवेदन किया

प्रभु यहां दैत्य और राक्षस हमें बहुत कष्ट देते हैं। आप हमारे रक्षक बनें और यहां निवास करें।रामजी ने आश्वासन दिया कि जब तक मैं वन में हूं, तब तक आपको किसी प्रकार की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा

राम और भरत, दोनों ही अदम्य आत्मबल और धर्मबल के प्रतीक हैं। राम का वनवास धर्म की रक्षा के लिए था और भरत का त्याग, भक्ति और भाईचारे की अद्वितीय मिसाल है।

### एक वृद्ध भक्त ने कहा

आज के युग में भाई-भाई संपत्ति के लिए लड़ते हैं, लेकिन राम-भरत ने दिखा दिया कि सच्चा भाई कौन होता है। इस कथा से हमें त्याग और प्रेम की प्रेरणा मिलती है।

# एक किमी सड़क ना बन पाने के कारण लगाना पड़ता है 15 किमी का चक्कर



**तेंदूखेड़ा।** एक तरफ जहां सरकार के द्वारा संपूर्ण प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों को पक्के मुख्य सड़क मार्गों से जोड़ने की दिशा में प्रधानमंत्री सड़क या अन्य मदों से सड़कों का निर्माण किया जा रहा है लेकिन तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चांवरपाठा विकास के ग्राम ग्वारी और सर्रा के बीच में पड़ने वाली मात्र एक किलोमीटर टी सड़क ना बन पाने के कारण ग्रामीणों को 15 किमी का चक्कर लगाकर आना जाना करना पड़ता है।जिस कारण से लगभग 13 ग्रामों के लोग प्रभावित बनें हुए हैं। सर्रा से ग्वारी को जाने वाले इस सड़क मार्ग पर एक नाला भी पड़ता है।जिसकी पुलिया भी बही पड़ी है। मार्ग दल-दल में तब्दील बना हुआ है। ग्राम के प्रतिष्ठित विपिन राजपूत का कहना है कि लगातार 20 सालों से इस सड़क मार्ग की मांग करते चले आ रहे हैं। फिर भी कोई सुनने को तैयार नहीं है।इस मार्ग को बनने से ना केवल सर्रा ग्वारी के लोगों को फायदा होगा बल्कि सर्रा बंधी मदनपुर खेरुआ ढिलवार पीपरवानी खकरैडी ब्रह्मनी मर्रावन मनकापुर भामा और हीरापुर हीरापुर के लोगों को भी आवागमन में सुविधा हो सकेगी। अभी बरसात के दिनों में सर्रा और ग्वारी आने वाले लोगों को चक्कर लगाकर आना पड़ता है।



## विधायक संजय उइके के दोबारा अध्यक्ष बनने पर कांग्रेसियों ने जताया विरोध, कहा पूरी प्रकिया दिखावटी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में कांग्रेस जिला अध्यक्ष पद पर विधायक संजय उइके की दोबारा नियुक्ति से विवाद खड़ा हो गया है। दिवंगत कांग्रेसियों की श्रद्धांजलि सभा में कार्यकर्ताओं ने इस नियुक्ति का खुलकर विरोध किया।

संगठन सृजन अभियान के तहत 16 अगस्त को जारी सूची में बैहर विधानसभा क्षेत्र से आदिवासी विधायक संजय उइके को फिर से जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इससे जमीनी कार्यकर्ताओं की उम्मीदों को झटका लगा है।

पूर्व विधानसभा और जिला पंचायत सदस्य उम्मेद लिल्हारे ने पूर्व विधायक हीना कावरे के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि जब विधायकों से चर्चा कर ही अध्यक्ष बनाना था तो संगठन सृजन अभियान की प्रक्रिया बेमानी थी। सब कुछ गलत तरीके से हो रहा है।

कांग्रेस नेता जुगल शर्मा ने चेतावनी दी कि अगर जिले में संगठन अध्यक्ष का नाम थोपा गया तो कार्यकर्ता साथ नहीं देंगे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कोई विधायक नहीं पहुंचा। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि विधायक मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों में अपनी हाजिरी लगाने जाते हैं।

### सरपंच संघ ने दिया समर्थन, 8 सूत्रीय मांगों को लेकर करेंगे आंदोलन

## कल से मनरेगा अभियंताओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में मनरेगा अभियंता संघ ने 25 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की है। अभियंता पहले से ही 14 अगस्त से सामूहिक छुट्टी पर हैं।

मनरेगा अभियंता संघ के अध्यक्ष भीवराम भोयर ने कहा कि सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। प्रदेश संगठन के निर्देश पर सभी मनरेगा अभियंता हड़ताल पर जाएंगे।

**अभियंता संघ की हड़ताल को मिला सरपंच संघ का समर्थन**

सरपंच संघ ने अभियंताओं की मांगों को सही बताया है। सरपंच संघ अध्यक्ष वैभवसिंह बिसेन ने कहा कि वे अभियंताओं के साथ हैं। जरूरत पड़ने पर पंचायत बंद करने की भी चेतावनी दी है।

सरपंच संघ सचिव आनंद बिसेन ने बताया कि वर्तमान सरकार मनरेगा योजना को कमजोर कर रही है। पंचायतों को मिलने वाले कामों में भी कटौती की गई है।

**उपयंत्रियों का आरोप- सरकार उनका शोषण कर रही है**

14 अगस्त को जिले के 50 से अधिक उपयंत्रियों ने मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री, प्रमुख सचिव और मनरेगा आयुक्त को अपनी मांगें भेजी थीं। उपयंत्रियों का आरोप है कि सरकार उनका शोषण कर रही है।

हड़ताल के कारण मनरेगा योजना के तहत होने वाले काम प्रभावित हो रहे हैं। मां की बगिया सहित अन्य विकास कार्य रुक गए हैं।

### सूचना देने वाला ही निकला मुख्य आरोपी, मामला गढ़ी थाना का

## दो भाइयों ने दादी की कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में एक दादी की हत्या के मामले में पुलिस ने उसके दो पोतों और एक साथी को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी सुनील धुर्वे ने अपनी 65 वर्षीय दादी गौथरिनबाई धुर्वे की कुल्हाड़ी से हत्या की थी।घटना 9 अगस्त की है। सुनील धुर्वे ने खुद थाने में जाकर दादी के लापता होने की सूचना दी थी। जब पुलिस ने घर की जांच की तो गौथरिनबाई का शव खून से लथपथ मिला। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सिर पर गंभीर चोट से मौत की पुष्टि हुई।गढ़ी थाना प्रभारी भूपेन्द्रसिंह ने बताया है कि पूछताछ में सामने आया कि सुनील और उसके भाई ने ट्रैक्टर खरीदा था। वे किश्त नहीं चुका पा रहे थे। दादी से कई बार रुपए मांगे, लेकिन उन्होंने मना कर दिया।घटना वाली रात सुनील बाइक से दादी के घर गया। एक बार फिर रुपए की मांग की। दादी के मना करने पर उसने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। आरोपी के दिव्यांग भाई राजकुमार धुर्वे और साथी सुनील कुशरिया ने साक्ष्य छिपाने में मदद की।पुलिस ने तीनों आरोपियों को बैहर न्यायालय में पेश किया। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और अन्य साक्ष्य बरामद कर ली है। मुख्य आरोपी सुनील 34 वर्षीय है, उसका भाई राजकुमार 28 वर्षीय और साथी

## गढ़ी में 20 अगस्त से 26 अगस्त तक सद्भावना सप्ताह का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज गढ़ी।** ग्राम पंचायत गढ़ी में 20 अगस्त भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के जन्मदिवस (सद्भावना दिवस) से 26 अगस्त तक सद्भावना सप्ताह का आयोजन किया गया है जिसके अंतर्गत सड़कों की साफ-सफाई वृक्षारोपण, चौपाल, सांस्कृतिक गतिविधि, विभिन्न धर्म अनुयायी के साथ समरसता कार्यक्रम, समरसता रैली, दीवार लेखन ग्राम को स्वच्छ रखने हेतु सामूहिक संकल्प दिलाने तथा ग्राम को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने हेतु जन सहभागिता को बढ़ाने के साथ-साथ ग्राम में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों हेतु विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर उन्हे योजनाओं से लाभांन्वित करना है। सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी द्वारा घोषणा की गई है कि जिन वार्डों में उपर्युक्त कार्यों में से कोई भी कार्य श्रेष्ठता के साथ किया जायेगा। संबंधित वार्ड के पंच को ग्राम पंचायत द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

## बोनकट्टा-बम्हनी के बीच सड़क हादसा

### 25 वर्षीय युवक की ऑन-द-स्पॉट हुई मौत

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम बोनकट्टा बम्हनी के बीच पुरानी शंकर फैक्ट्री के सामने भीषण सड़क हादसा हुआ है. सड़क हादसे में करीब 25 वर्षीय युवक की ऑन-द-स्पॉट मौत हो गई. शनिवार की सुबह करीब सवा 11 बजे के आसपास यह हादसा हुआ. सड़क हादसे की सूचना मिलने पर तिरोड़ी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. जिसने शव को बरामद कर मौके पर पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पीएम के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी लाया गया और पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. प्राप्त जानकारी अनुसार लिलेश पिता पतिराम बाहेश्वर ग्राम डोंगरिया मोवाड़ का निवासी है जो बाइक क्रमांक एमएच 40 एए 8846 से अपनी दादी को छोड़ने के लिए ग्राम आंजनबिहरी की तरफ जा रहा था. वहीं विपरीत दिशा यानी आंजनबिहरी से अतुल पिता सुरेन्द्र हाड़ंगे और नीलम पिता दिलीप हाथझाड़े किराना का सामान लेने के लिए बाइक क्रमांक एमपी 22 एमएफ 8601 से बोनकट्टा की तरह आ रहे थे. लिलेश और अतुल के बाइक के बीच पुरानी शंकर फैक्ट्री के पास में आमने-सामने जबरदस्त



भिड़ंत हो गई. जिसमें लिलेश की मौके पर ही मौत हो गई. लिलेश की दादी को चोट आई है और वह गहरे सदमे में है जिसे उपचार के लिए कटंगी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. वहीं अतुल और नीलम को भी मामूली चोट आई है दोनों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर बम्हनी में भर्ती करवाया गया. प्रथम दृष्टया तेज रफ्तार होने की वजह से सड़क हादसा होने का अनुमान लगाया गया है. बताया जा रहा है कि पुरानी शंकर फैक्ट्री के सामने मोढ़ाई होने के कारण पहले भी यहां सड़क हादसे हो चुके है इसे हादसों के लिहाज से ब्लैक स्पॉट माना जाता है.

### हर्षोल्लास के साथ मनाया पोला पर्व

**खैरलांजी।** बीते शनिवार को क्षेत्र में पोला पर्व हर्ष उल्लास के साथ कृषको के द्वारा मनाया गया। हर वर्ष की तरह पोला पर्व की रौनक देखने को मिलती हैं। कृषको के लिए पोला पर्व विशेष महत्व का त्यौहार है। यह पर्व बैलो के सम्मान में मनाया जाता है। सुबह से ही बैलो को नहलाया कर उन्हे खुबसूरत सजाया जाता हैं। तोरण लगा कर परम्परागत रूप से बैलो का वंदन व पूजन किया गया। मिष्ठान तैयार कर उन्हें भोजन कराया गया। ग्रामीण अंचल में पोला पर्व की खुबसूरत रौनकता की झलक देखने को मिली।

## विश्व हिंदू परिषद किरनापुर ने मनाया स्थापना दिवस

**किरनापुर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष में विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन श्री गायत्री मंदिर सोनपुरी में किया गया उक्त कार्यक्रम में जिला से मंत्रीगध प्रखंड के मंत्री अध्यक्ष कार्य करता है जितने भी आयाम है जैसे बजरंग दल गौ रक्षक मिलन प्रमुख धर्माचार्य मातृ शक्ति दुर्गा वाणी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने आकर भाग लिया। सर्वप्रथम अध्यक्ष श्री यज्ञेश चावड़ा। जिला मंत्री छत्रपालपा पारधी, प्रचार प्रसार शैलेंद्र बिसेन श्री एन,आरगरदे द्वारा श्री राधा कृष्ण के



छायाचित्र के समक्ष दीप जला पूजा स्तुति की गई। उद्बोधन के क्रम में जिला अध्यक्ष द्वारा संगठन को मजबूत करने हेतु प्रोत्साहित किया गया जनपद से श्री कल्याण सिंह राणा ने अपने सनातन धर्म की रक्षा का इतिहास बात कर सबका मनोबल बढ़ाया है। ओम प्रकाश ब्रह्म कर द्वारा मंच संचालन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष श्री गोविंद बिसेन द्वारा स्थापना दिवस की बधाई देकर आभार व्यक्त किया गया। श्याम किशोर बंशपाल एवं साथियों का विशेष योगदान रहा।

## पोला में बैलों को रंग-बिरंगा सजाकर किया पूजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में शनिवार को पोला पर्व धूमधाम से मनाया गया। महाराष्ट्र से सटे होने के कारण यहां यह त्योहार महाराष्ट्र की तरह ही मनाया जाता है।

गायखुरी, बगदर्रा, कोसमी और वारासिवनी के जयस्तंभ चौक पर किसान अपनी बैल जोड़ियों को सजाकर पहुंचे। सामूहिक पूजन के बाद पटाखों की आवाज से बैलों की दौड़ कराई गई।

किसान रामप्रसाद के अनुसार, पोला के दिन बैलों से कोई काम नहीं लिया जाता। उनके गले की रस्सी



निकाल दी जाती है। बैलों की तेल से मालिश की जाती है। फिर उन्हें नहलाकर रंग-बिरंगे कपड़ों और आभूषणों से सजाया जाता है। हिंदू परिवारों में पशुधन को भोग लगाने के लिए विशेष पकवान बनाए जाते हैं।

गायखुरी निवासी योगेश बिसेन ने बताया कि बैल किसान के सबसे अच्छे साथी होते हैं। पोला पर्व तक खेती का काम समाप्त हो जाता है। इस दिन कृषक परिवार बैलों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

रविवार को पोला पर्व के बाद मारबत पर्व मनाया जाएगा। इसमें बुराई के प्रतीक मारबत का निर्माण कर उसे शहर में घुमाया जाएगा। कई घरों में मिट्टी की मारबत बनाकर गांव की सीमा से बाहर ले जाकर उसका विसर्जन किया जाएगा। यह परंपरा वर्षों पुरानी है। समय के साथ इसका स्वरूप बदला है, लेकिन आज भी यह परंपरा जारी है।

## 1 जुलाई से 30 सितंबर तक चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

**बालाघाट।** सामाजिक सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत 03 माह का वित्तीय समावेशन संतृप्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन वारासिवनी विकासखण्ड के ग्राम वारा में किया गया। जिला प्रशासन के साथ ही आरबीआई एवं सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रबंधक केंद्रीय कार्यालय सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया मुंबई श्री दिलीप अर्जवानी, अनुविभागीय दंडाधिकारी, एसडीएम वारासिवनी श्री कार्तिकेय जायसवाल, क्षेत्रीय प्रबंधक श्री कुमार उत्कर्ष] सुश्री दीक्षा जैन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत वारासिवनी] रोशन महाजन जिला प्रबंधक नाबार्ड] जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री संजीव कुमार] श्री धीरज कुमार प्रसारण अधिकारी आकाशवाणी] यशोदा भगत] महिला बाल विकास विभाग बालाघाट सहित जनमानस की उपस्थिति में मां सरस्वती जी के समक्ष ,दीप प्रज्वलन ,माल्यार्पण के साथ किया गया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक केंद्रीय कार्यालय सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया श्री अर्जवानी ने कहा कि आज बैंक ग्रामीण स्तर तक पहुंच रहा है। पहले जनमानस के खाता बैंक में कम थे, लेकिन अब सभी व्यक्तियों के खाते हो गए हैं और जो बदलाव आया है वह बैंक और जनमानस के प्रयासों के कारण है। सामाजिक सुरक्षा स्कीम के माध्यम से जीवन बेहतर बन रहा है। श्री अर्जनवानी ने कहा कि आज डिजिटल तकनीक का युग है और वित्तीय समावेशन के माध्यम से बैंक द्वार तक पहुंच रहा है। यही प्रयास, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया कर रहा है। इस अभियान के माध्यम से जुड़कर हम सामाजिक सुरक्षा की स्क्रीम को पहुंचाएं। उन्होंने प्रयासों की सराहना करते हुए ग्राहकों एवं सभी स्टाफ को बधाई दी।



इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक श्री कुमार उत्कर्ष ने कहा कि आज हमें वित्तीय साक्षरता को जानने और सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में जागरूकता की आवश्यकता है। उन्होंने आमजन को सेंट्रल बैंक से जुड़कर योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही एसडीएम श्री जयसवाल ने कहा कि आज हमें आवश्यकता है कि ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दें वित्तीय साक्षरता के महत्व को समझाएं। 30 सितंबर तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिले में भी विशेष अभियान के माध्यम से सामाजिक सुरक्षाओं योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। यह शासन का प्रयास है कि सामाजिक सुरक्षा स्कीम हर घर जनमानस तक पहुंचे।

## होटल के कमरे में जुआ खेलते पकड़े गए 15 जुआरी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को होटल शीतल पैलेस में जुआ खेलते 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी आरोपी शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी और राजनीतिक परिवारों से हैं।

पुलिस को मिली सूचना के आधार पर होटल के कमरा नंबर 303 में छापेमारी की गई। यहां से 44 हजार 500 रुपए नकद और करीब 10 लाख रुपए कीमत के 17 मोबाइल फोन बरामद किए गए। आरोपी ताश के पत्तों पर रुपएं का दांव लगा रहे थे।

कोतवाली थाना प्रभारी विजय राजपूत ने बताया कि पकड़े गए जुआरियों में सिद्धांत रंगलानी, सूरज गुप्ता, शांतनू



जैन, आयुष ढोके, शिवम शर्मा, मनोज सुंदरानी, निखिल नावानी, सिद्धार्थ रंगलानी, मोहित नावानी, पीयूष नावानी, भागेश नानवानी, सनी नावानी, यश रंगलानी, जगमीत नरडे और अमित आहूजा शामिल हैं। इनकी उम्र 20 से 42 साल के बीच है।

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मध्य प्रदेश पब्लिक गैंबलिंग एक्ट की धारा 13 के तहत मामला दर्ज किया है। जमानती अपराध होने के कारण सभी को थाने से ही जमानत पर रिहा कर दिया गया। होटल से सीसीटीवी का डीवीआर भी जब्त किया गया है। होटल संचालक की भूमिका की जांच की जा रही है।

### जिले में अब तक 996 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र के दौरान बालाघाट जिले में 01 जून से 23 अगस्त 2025 तक 996 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 881 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है। 23 अगस्त को प्रातः 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान जिले में 18 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। कार्यालय अधीक्षक भू- अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 अगस्त को प्रातः 8 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान बालाघाट तहसील में 13 मिलीमीटर एवं तिरोड़ी तहसील में 12 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। इस प्रकार जिले में बीते 24 घंटे में 18 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है।

### कृषि में बैलों की अहम भूमिका को सम्मान देने मनाया जाता हैं पोला पर्व-विवेक पटेल

## वारासिवनी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो मे मनाया गया पोला पर्व

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मध्यप्रदेश के वारासिवनी में मनाए जाने वाला पोला त्यौहार कृषि संस्कृति और परंपराओं से गहराइयों से जुड़ा हुआ हैं। यह त्यौहार भाद्रपद मास की अमावस्या को मनाया जाता है और विशेष रूप से किसानों द्वारा बैलों के प्रति श्रद्धा और आभार प्रकट करने के लिए समर्पित होता हैं।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पोला पर्व पर नगर के वार्ड नंबर 12 निवासी हीरा चौधरी के बाड़े से किसानों व जनप्रतिनिधियों के साथ श्री चौधरी आरती की थाल लेकर निकले। यह पूजा की थाल गोलीबार चौक, आंबेडकर चौक, नेहरु चौक होते हुए जय स्तम्भ चौक पहुँची। जहॉ पर श्री चौधरी द्वारा बैलों की पूजा अर्चना और बैल जोड़ी लेकर आए हुए किसानों का तिलक वंदन किया। उसके बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों विधायक विवेक पटेल, पूर्व विधायक प्रदीप जयसवाल, भूतपूर्व विधायक डॉक्टर योगेन्द्र निर्मल, भाजपा नेता निरंजन बिसेन, पूर्व मंडी अध्यक्ष अजय बिसेन, जिला पंचायत पूर्व सदस्य विक्रम देशमुख आदि ने किसानों का तिलक वंदन कर उन्हें गमछा व अन्य वस्तुएं भेंट की और बैल जोडिय़ों को तिलक लगाकर उनकी पूजा की।



उसके बाद पटाखे फोडक़र बैल जोडिय़ों को नगर की सडक़ों पर दौडऩे के लिए रवाना कर दिया गया। इस दौरान जय स्तम्भ चौक पर मेले का दृश्य बना हुआ था। चाट पकोड़े, गुब्बारे सहित अन्य सामग्रियों की दुकानें लगी हुई थी। जय स्तम्भ चौक से बैल जोडिय़ों रवाना होने के बाद नगर के नागरिकों के घरों तक पहुँची। जहॉ पर नागरिकों ने बैल जोडिय़ों का भव्य स्वागत किया और तिलक वंदन कर घर में बनाए गए पकवान खिलाये गए।




